## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल दरभंगा–2

E-Mail – rwdeedbg2@gmail.com

पत्रांक- 37. दिनांक- 08/01/2025

MAIL 25/01/2025

प्रेषक,

ई0 अवधेश कुमार,
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्र0, दरभंगा–2

सेवा में,

अधीक्षण अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य अंचल, दरभंगा।

विषयः– **माननीय मुख्यमंत्री का प्रगति यात्रा को मद्देनजर रखते हुए तथा** जिलाधिकारी, दरभंगा द्वारा स्थल निरीक्षण के उपरान्त अपने पत्रांक–6491 दिनांक–12.12.2024 द्वारा आदेश के अनुपालन में निर्माण कराये गये पथों का तकनीकी स्वीकृति/ प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।

प्रसंगः– जिला पदाधिकारी, दरभंगा के ज्ञापांक–37 /सी0 दिनांक–03.01.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि **माननीय मुख्यमंत्री का प्रगति यात्रा को मद्देनजर रखते हुए तथा** जिलाधिकारी, दरभंगा द्वारा स्थल निरीक्षण निम्नलिखित पथों का निर्माण हेतु आदेश दिये थे। उक्त आदेश के अनुपालन में तत्काल पथों का निर्माण कार्य कराया गया है। निर्माण कराये गये पथों का प्राक्कलन तैयार कर तकनीकी स्वीकृति/ प्रशासनिक स्वीकृति हेतु समर्पित की जा रही है।

अतः श्रीमान् से अनुरोध है कि निम्नलिखित पथो का प्राक्कलन तकनीकी स्वीकृति/ प्रशासनिक स्वीकृति हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा करेंगें।

| क्र0 | प्रखंड | पथ का नाम | लम्बाई (कि0मी0 में) | प्राक्कलित राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Singhwara | Construction of Ramp/ Approach Road For,A- Helipad, B- VIP Parking, C-Platform for VIP Meeting | 0.115 | 9.899 |

अनु0ः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

4/1/25

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्र0, दरभंगा–2

4.1.25

**श्री राजीव रौशन, भा0प्र0से0, जिलाधिकारी, दरभंगा की अध्यक्षता में दिनांक 03.01.2025 को 12.30 बजे अपराह्न में कार्यालय प्रकोष्ठ में संबंधित पदाधिकारियों के साथ माननीय मुख्यमंत्री, बिहार का दिनांक 11.01.2025 को दरभंगा जिला में प्रस्तावित "प्रगति यात्रा" की आवश्यक तैयारी संबंधी की गयी बैठक की कार्यवाही:**

**उपस्थिति:**

पंजी के अनुसार।

**कार्यवाही:**

- सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार का दिनांक 11.01.2025 को दरभंगा जिला में "प्रगति यात्रा" के संबंध में प्रस्तायित मिनट–टू–मिनट कार्यक्रम से अवगत कराया गया। तदोपरान्त "प्रगति यात्रा" के क्रम में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलवार तैयारियों की समीक्षा किया गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को निम्नांकित निदेश दिया गया:–

**1. वृहद आश्रय गृह, भराठी (कार्यक्रम स्थल–1)**

- ➢ सहायक महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम, दरभंगा द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा नव निर्मित वृहद आश्रय गृह के भवन को फूल, बैलून आदि से अच्छी तरह से साज–सज्जा किया जायेगा। उन्हें वृहद आश्रय गृह परिसर के पाथ–वे पर कारपेट बिछाने हेतु भी निदेशित किया गया।
- ➢ उक्त परिसर के चहारदिवारी का साज–सज्जा, स्लोगन आदि लिखवाने तथा तोरणद्वार बनवाने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया। चहारदिवारी के बाहर भी आवश्यक साज–सज्जा करने हेतु निदेशित किया गया।
- ➢ पृच्छा करने पर सहायक महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि परिसर स्थित सड़क किनारे छतवन, महोगनी आदि का पेड़ लगाया जा रहा है, उन्हें परिसर में कुछ फलदार वृक्ष भी लगाने हेतु निदेशित किया गया।
- ➢ वृहद आश्रय गृह स्थल से एन0एच0–57 तक पर्याप्त संख्या में जिला परिषद् से लाईट लगवाने हेतु उप विकास आयुक्त, दरभंगा को निदेशित किया गया।
- ➢ एन0एच0–57 से वृहद आश्रय गृह तक सड़क निर्माण का कार्य ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–2 द्वारा किया जा रहा है। उन्हें इस पथ के किनारे फेबर ब्लॉक लगाने हेतु भी निदेशित किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–2 को कार्यक्रम स्थल पर बनने वाले हेलीपैड के लिए स्लोप रोड एवं पार्किंग के लिए भी स्लोप रोड बनवाने हेतु निदेशित किया गया।
- ➢ सहायक महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम, दरभंगा को नवनिर्मित वृहद आश्रय गृह के लोकार्पण हेतु सभी व्यवस्था यथा–उद्घाटन हेतु रिमोट, माईक, उद्घोषक, टी0वी0/स्क्रीन, भी0भी0आई0पी0 के लिए बैठने की व्यवस्था, शौचालय, योजना से संबंधित विडियो क्लीप चलाने की व्यवस्था आदि कार्य कराने हेतु निदेशित किया गया।
- ➢ कार्यक्रम स्थल परिसर में सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, दरभंगा द्वारा दो–दो स्टॉल पर विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन किया जायगा। इस स्टॉल का निर्माण कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम, दरभंगा द्वारा किया जायेगा। तदनुसार उन्हें निदेशित किया गया।
- ➢ सिमरी चौक से सिमरी हाई स्कूल, शास्त्री चौक तक बैरिकेडिंग कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, दरभंगा को दिया गया। बैरिकेडिंग का डिजाईन विशेषज्ञ से तैयार कराने हेतु निदेशित किया गया। बैरेकेडिंग के बीच–बीच में सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं आदि का फ्लैक्स एवं बाहर की ओर बुके लगाने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही बैरिकेडिंग वाले क्षेत्र में कुछ–कुछ दूरी पर एक–एक विभागीय कर्मी की प्रतिनियुक्ति करने एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0, दरभंगा को आंगनवाड़ी के सेविका/सहायिका को विभागीय परिधान में डगरा आदि के साथ बैरेकेडिंग वाले क्षेत्र में प्रतिनियुक्त करने का निदेश दिया गया।

उपरोक्त कार्य में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, दरभंगा को वरीय परियोजना अभियंता,
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

9. वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय (कार्यक्रम स्थल-9)

- कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य पुलिस भवन निर्माण निगम, दरभंगा को वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन को लोकार्पण के मद्देनजर अच्छी तरह से फूल, बैलून से साज-सज्जा करवाने तथा लोकार्पण के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारी यथा-रिमोट सिस्टम आदि व्यवस्था ससमय पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया।
- कार्यक्रम स्थल परिसर में फ्लैक्स/बैनर लगवाने तथा भी0भी0आई0पी0 के बैठने की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था आदि कार्य ससमय पूर्ण करने हेतु कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य पुलिस भव निर्माण निगम, दरभंगा को निदेशित किया गया।

10. अन्यान्य

- जिला शिक्षा पदाधिकारी, दरभंगा को मिथिला शोध संस्थान के जीर्णोद्धार का विस्तृत रूप से प्राक्कलन बनवाने हेतु निदेशित किया गया। उपरोक्त प्राक्कलन में पांडुलिपियों का डिजिटाईजेशन, चहारदिवारी, पार्क, खेल मैदान, आंतरिक पथ, छात्रावास, कर्मी के लिए क्वार्टर, परिसर में मॉडल प्रिंटिंग प्रेस का निर्माण आदि का प्रस्ताव सम्मिलित करने हेतु निदेशित किया गया।
- सभी कार्यकम स्थल पर उद्घाटन के मद्देनजर माननीय मुख्यमंत्री के लिए लगभग 4 ईंच का उँचा स्थल बनवाने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित किया गया ताकि माननीय मुख्यमंत्री उस पर चढ़कर रिमोट से योजना का उद्घाटन कर सके।
- सभी कार्यक्रम स्थल यथा-वृहद आश्रय स्थल, पंचायत सरकार भवन, चन्द्रसार पोखर, मध्य विद्यालय, सिमरी, उच्च विद्यालय, सिमरी, बस अड्डा, मिथिला शोध संस्थान, हराही तालाब, कर्पूरी चौक, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अतिथि गृह, समाहरणालय परिसर एवं नेहरू स्टेडियम में आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग करने हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, दरभंगा को निदेशित किया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

जिलाधिकारी,
दरभंगा।

ज्ञापांक......37...../सी0 दिनांक.......03.....जनवरी 2025.

प्रतिलिपि सभी संबंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, दरभंगा/ [illegible], भवन निर्माण निगम, दरभंगा/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, दरभंगा/वरिय परियोजना अभियंता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, दरभंगा/कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना, दरभंगा/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दरभंगा-2, कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य पुलिस भवन निर्माण निगम, दरभंगा/परियोजना अभियंता,बूडको एवं अन्य संबंधित कार्यपालक अभियंता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि जिला पंचायती राज पदाधिकारी, दरभंगा/नजारत उप समाहर्त्ता, दरभंगा/सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा कोषांग, दरभंगा/जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, दरभंगा/जिला कृषि पदाधिकारी, दरभंगा/जिला उद्यान पदाधिकारी, दरभंगा/जिला मत्स्य पदाधिकारी, दरभंगा/जिला शिक्षा पदाधिकारी, दरभंगा/जिला परिवहन पदाधिकारी, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि नगर आयुक्त/उप विकास आयुक्त/अपर समाहर्त्ता, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिप वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी
दरभंगा।